सरकारी राइफल के साथ रील बनाना पड़ा भारी, महिला सिपाही प्रियंका कुमारी निलंबित

शिवहर। एसपी ने सरकारी राइफल से रील बनाने के आरोप में शिवहर जिलांतर्गत कार्यरत महिला सिपाही/ 503 प्रियंका कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, महिला सिपाही द्वारा स्वयं एवं अपनी बहन के साथ सरकारी राईफल के साथ मनोरंजन आधारित गाने पर रील बनाते हुए वीडियो निजी सोशल मीडिया पर डाला जा रहा था। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक शेलेंद्र सिंह शिवहर द्वारा जांच के निर्देश दिए गए। जांचोपरांत आरोपों को सत्य पाया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक, नवादा द्वारा भी इस संबंध में जांच कर अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अनुशंसा की गई है। पुलिस महानिदेशक बिहार, पटना एवं बिहार पुलिस मुख्यालय पटना के द्वारा कर्तव्य स्थल पर मोबाईल फोन इस्तेमाल करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किया गया है। साथ ही किसी भी पुलिस पदाधिकारी व कर्मी के द्वारा निजी सोशल मीडिया पर सरकारी संपत्ति का प्रदर्शन पूर्णत: वर्जित है। इसी आदेश के उल्लंघन में महिला सिपाही को निलंबित किया गया है। साथ ही शिवहर जिलाबल के सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मी को सचेत किया जाता है कि बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा सोशल मीडिया के प्रयोग से संबंधित निर्गत दिशा-निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

हत्या के मामले के आरोपी को भुतही पुलिस ने किया गिरफ्तार

सीतामढ़ी । भुतही थाना क्षेत्र के तिलंगही गांव में पैसे के लेन-देन को लेकर हुई हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। भुतही थाना पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से मुख्य आरोपी रामनारायण महतो को परसा मोड़ के पास से धर दबोचा है। घटना के संबंध में भुतही थाने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एडीशनल एसपी सह सदर एसडीपीओ-2 आशीष आनंद ने बताया कि पुलिस टीम लगातार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। उन्होंने कहा, पुलिसिया दबिश और वैज्ञानिक अनुसंधान के कारण आरोपी ज्यादा दिनों तक छिप नहीं सका। पुलिस टीम ने जाल बिछाकर उसे परसा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ ने आगे बताया कि यह पूरी वारदात पैसे के आपसी लेन-देन के विवाद को लेकर हुई थी, जिसके बाद आरोपी ने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस अब आरोपी से आगे की पूछताछ कर रही है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सर्किल इंस्पेक्टर परशुराम सिंह, भुतही थानाध्यक्ष चन्द्रगुप्त कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

नानपुर में फाइलेरिया जांच शिविर का आयोजन

नानपुर। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोइली शरीफपुर के फाइलेरिया बीमारी से बचाव हेतु आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 33 पर फाइलेरिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार ने की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार ने बताया कि फाइलेरिया है या नहीं, इसकी जानकारी जांच कराने के बाद ही मिल सकती है। इसलिए लापरवाही न करें और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनें। उन्होने लोगों से कहा कि फाइलेरिया जांच शिविर का आयोजन जानीपुर महम्मदपुर माझउर सहित अन्य गांवों मे किया जाएगा। इसलिए आप सभी अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर नाइट ब्लड संग्रह केंद्र पर उपस्थित होकर लाभ उठाये। इस स्थान पर लगभग 80 लोगों का ब्लड संग्रह किया गया। इस शिविर मे डॉ रामेश्वर प्रसाद स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार हेमंत कुमार अरुण मण्डल मुकेश पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सदर अस्पताल में 62 नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को सिखाया सेवा भावना और नेतृत्व का पाठ

सीतामढ़ी। सदर अस्पताल सीतामढ़ी में नवनियुक्त 62 स्टाफ नर्स, तकनीशियन एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए विशेष संवेदीकरण सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मियों को मरीजों एवं उनके परिजनों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण, धैर्यपूर्वक सेवा और प्रभावी संवाद को बेहतर इलाज का अनिवार्य अंग बताया गया। सत्र को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. आर. के. यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा का मूल उद्देश्य केवल दवा या उपचार देना नहीं, बल्कि मरीजों के प्रति मानवीय और संवेदनशील व्यवहार बनाए रखना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धैर्य और सेवा भावना हर स्वास्थ्य कर्मी का पहला कर्तव्य है तथा परिजनों के साथ किया गया सकारात्मक संवाद ही संस्थान की गुणवत्ता को दर्शाता है। इस अवसर पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. मनोज कुमार, अस्पताल प्रबंधक विजय चंद्र झा, पीरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक प्रभाकर कुमार, कार्यक्रम लीड रोहित कुमार एवं दुर्गा प्रसाद उपस्थित रहे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में टीम भावना को सुदृढ़ कर मरीजों को गरिमापूर्ण और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना है।

अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए 3 नवंबर तक करें आवेदन

सीतामढ़ी। बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से संचालित बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को नि:शुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। नामांकन के इच्छुक अभिभावक निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 3 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। इस संबंध में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सहायक निदेशक डॉ. सुनीता सोनू ने बताया कि अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए नामांकन प्रक्रिया में रुचि लें और निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि कक्षा 9वीं में नामांकन के लिए अधिकतम आयु सीमा 16 वर्ष तथा कक्षा 11वीं में नामांकन के लिए अधिकतम आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों को आवेदन करने से पहले आयु सीमा सहित नामांकन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए। इस वेबसाइट पर https://minority.bihar.gov.in/schoolmis/ ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

25 से 31 जनवरी 2027 तक होगी वस्तानिया (आठवीं) की परीक्षा

सीतामढ़ी। बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना की ओर से वस्तानिया (आठवीं) परीक्षा का कार्यक्रम समय पर जारी किए जाने पर मदरसा डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (एमडीओ) ने प्रसन्नता व्यक्त की है। संगठन के पदाधिकारियों ने बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक दिलशाद मुस्तकीम को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई देते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की है। बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के कार्यक्रम के अनुसार, वस्तानिया (आठवीं) की परीक्षा 25 से 31 जनवरी 2027 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा कार्यक्रम समय पर जारी होने से मदरसों के छात्र-छात्राओं को अपनी तैयारी व्यवस्थित करने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। साथ ही, शिक्षकों और मदरसा प्रबंधन को भी परीक्षा की तैयारियां समय पर पूरी करने में सहूलियत होगी। मदरसा डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के महासचिव सैय्यद महताब आलम, प्रदेश प्रवक्ता मो. मनाजेरुल इस्लाम, संयोजक मो. शफी अंसारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मो. अरमान अली , अभिभावक मौलाना जियाउर्रहमान कासमी, अध्यक्ष मो जाहिद हुसैन, सचिव मो अजमल ने परीक्षा नियंत्रक दिलशाद मुस्तकीम के प्रयासों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हित में समय पर परीक्षा कार्यक्रम जारी करना शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

नयागांव पूर्वी की पूर्व मुखिया चंद्रकला देवी का निधन

शिवहर। जिले के डुमरी कटसरी प्रखंड क्षेत्र के नयागांव पूर्वी पंचायत की 15 वर्षों तक मुखिया रहीं 90 वर्षीय चंद्रकला देवी का निधन हो गया। उनके निधन से पूरे पंचायत क्षेत्र में शोक की लहर है। गौरतलब है कि दिवंगत चंद्रकला देवी एक प्रतिष्ठित परिवार की मुखिया थीं। उनके पुत्र स्व. श्री नारायण सिंह जिला परिषद सदस्य रह चुके थे। उनके पौत्र नवनीत कुमार सिंह भी जिला परिषद सदस्य रह चुके हैं, वहीं उनकी पुत्रवधू साधना देवी वर्तमान में नयागांव पूर्वी पंचायत की मुखिया हैं। उनके निधन पर भाजपा जिला महामंत्री सह जिला बीस सूत्री सदस्य विनय कुमार सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूज्य चंद्रकला देवी एक अत्यंत साहसी और धैर्यवान महिला थीं। उन्होंने अपने चार पुत्रों को संस्कारवान बनाया, जिनमें से दो पुत्रों ने न्यायपालिका में सेवा दी, वहीं दो पुत्रों ने सामाजिक कार्यों के माध्यम से गरीबों की सेवा कर अपनी अलग पहचान बनाई। बुरे वक्त में भी उन्होंने पूरे परिवार को एकजुट रखा।

जोश है, जज्बा है, हौसला है, जुनून है, युवा नाम ही आगे बढ़ने की धुन है.......पर बटोरी तलियां

सीतामढ़ी। कला -संगम एवं पं चंद्रशेखर धर शुक्ल साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में साहित्य का रंग युवाओं के संग कार्यक्रम के तहत शनिवार को शांतिनगर स्थित संस्थान के कार्यालय परिसर में विचार गोष्ठी सह कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता हिन्दी प्राध्यापक डॉ अमित कुमार मिश्रा ने की। संचालन गीतकार गीतेश ने किया। नोएडा, दिल्ली से आए युवा साहित्यकार रितिक कुमार झा ने कहा कि आज के दौर में युवा पीढ़ी पूरी तरह मोबाइल की गिरफ्त में आ चुकी है। मोबाइल के दलदल से निकालने में साहित्य ही कारगर साबित होगा. युवा कवि सुकेश सत्यांश ने युवाओं को अच्छे साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित किया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि युवा यदि हाइड्रोजन और परमाणु बम का रूप है तो वह सत्यम, शिवम, सुंदरम का स्वरूप भी है. जरूरत है अच्छे माहौल की।

चौकीदार ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी : पुलिस निरीक्षक

सोनबरसा। प्रखंड के भुतही थाना परिसर में रविवार को अंचल पुलिस निरीक्षक, सुरसंड अंचल परशुराम सिंह की देखरेख में चौकीदारों की परेड कराई गई।



इस दौरान उन्होंने सभी चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने का सख्त निर्देश दिया। परेड के दौरान पुलिस निरीक्षक परशुराम सिंह ने कहा कि सोनबरसा क्षेत्र नेपाल की सीमा से सटा होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से काफी संवेदनशील है। ऐसे में सभी चौकीदारों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है।

उन्होंने निर्देश दिया कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में नियमित रूप से निगरानी रखें तथा अवैध रुप से आधार कार्ड बनाने, शराब, गांजा एवं अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थों की तस्करी पर विशेष नजर बनाए रखें।उन्होंने चौकीदारों को निर्देशित किया कि गांवों में होने वाली प्रत्येक संदिग्ध गतिविधि, अवैध कारोबार और आपराधिक घटनाओं की जानकारी समय रहते थाना पुलिस तक पहुंचाएं, ताकि पुलिस प्रशासन त्वरित कार्रवाई कर सके। इसके साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने और आम लोगों से बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि चौकीदार ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। गांवों में उनकी सक्रियता से अपराध पर अंकुश लगाने, अवैध गतिविधियों की जानकारी जुटाने और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने में काफी मदद मिल सकती है। इसलिए सभी चौकीदार अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता और ईमानदारी के साथ करें। मौके पर भुतही थानाध्यक्ष चन्द्रगुप्त कुमार एवं सब-इंस्पेक्टर रणवीर कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश

सीतामढ़ी। जिला जल एवं स्वच्छता समिति, सीतामढ़ी की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण स्वच्छता योजनाओं के क्रियान्वयन, बायोगैस संयंत्र के संचालन, स्वच्छता कर्मियों के लंबित पारिश्रमिक भुगतान, महादलित बस्तियों में व्यक्तिगत घरेलू शौचालय निर्माण और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों के उत्पादों के उपयोग की समीक्षा की गई। डुमरा प्रखंड की मैथौरा पंचायत में स्थापित बायोगैस संयंत्र के संचालन और रखरखाव पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जीविका की टीम ने सुझाव दिया कि प्रारंभिक अवधि में संयंत्र का संचालन संबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जाए। इसके बाद इसके सुचारु संचालन की जिम्मेदारी जीविका के संपोषित ग्राम संगठन को सौंपने की कार्रवाई की जाए, ताकि संयंत्र का दीर्घकालिक और प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके। बैठक में स्वच्छता पर्यवेक्षकों और स्वच्छता कर्मियों के पारिश्रमिक भुगतान को निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। निर्णय लिया गया कि 12 माह तक का भुगतान स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत किया जाएगा। इसके बाद संबंधित पंचायत में उपलब्ध निधि से नियमानुसार भुगतान किया जाएगा। दिसंबर 2024 से पहले जिन पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 12 माह का भुगतान किया जा चुका है, वहां पारिश्रमिक की राशि लंबित होने पर पंचायत निधि से भुगतान की कार्रवाई की जाएगी। महादलित बस्तियों में व्यक्तिगत घरेलू शौचालय निर्माण की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाए जाने पर विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता जताई गई। आर्थिक रूप से कमजोर पात्र परिवारों को जीविका के स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर 10 हजार की सहायता उपलब्ध कराने के माध्यम से शौचालय निर्माण को प्रोत्साहित करने पर चर्चा हुई।

केएमएसएस एकता मंच का जोनल कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, गरीबों और वंचितों के उत्थान का लिया संकल्प

शिक्षा, सेवा, सहयोग और सामाजिक सशक्तीकरण के माध्यम से समाज की तस्वीर बदलने का आह्वान

सीतामढ़ी। जिले की पावन धरती पर %कर्म मेरा सेवा सहयोग% (केएमएसएस) एकता मंच का जोनल कार्यकर्ता सम्मेलन आपसी एकता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में संगठन के उद्देश्य, सामाजिक सरोकारों, भविष्य की कार्ययोजना और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन में उपस्थित चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, संगठन के सदस्यों एवं गणमान्य लोगों के समक्ष संगठन के मूल विजन और मिशन को साझा किया गया।




वक्ताओं ने समाज के गरीब, वंचित, शोषित, असहाय और जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने तथा उन्हें शिक्षा, उचित मार्गदर्शन और सेवा सहयोग के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और सामाजिक बदलाव के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देना रहा। इस दौरान विस्तार से रोडमैप प्रस्तुत किया गया कि किस प्रकार संगठित प्रयासों के माध्यम से बिहार सहित पूरे देश में जरूरतमंद लोगों को सही मार्गदर्शन, शिक्षा और आवश्यक सेवा सहयोग उपलब्ध कराया जा सकता है। संगठन के विजन के अनुरूप आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर लोगों को सशक्त बनाने, उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से डॉ. सुबोध कुमार महतो, बैद्यनाथ प्रसाद कुशवाहा, डॉ. संतोष कुमार, कैलाश सिंह, रामबाबू महतो, मधुसूदन शरण, नंदलाल विद्रोही, डॉ. जे. पी. सिंह, सुबोध कुमार, सुरेश कुमार, उदय कुशवाहा, सत्यम सिंह, धर्मेंद्र कुमार, विंटेश सिंह, सरोज कुमार, आशुतोष कुमार, रामाधार महतो, सुरेंद्र प्रियदर्शी, रीता सिन्हा, सुजीत कुमार, डॉ. प्रेरणा सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सम्मेलन की सफलता में उनके योगदान, सहयोग और संगठन के प्रति समर्पण की सराहना की गई। साथ ही, जोन सी के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं, सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों को उनके सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद दिया गया।

दिव्यांगजनों के सम्मान और अधिकारों को समर्पित होगा सक्षम का प्रांतीय अधिवेशन

एक नवंबर को सीतामढ़ी में होगा आयोजन, समाज कल्याण मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता करेंगी उद्घाटन

सीतामढ़ी। समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) के उत्तर बिहार प्रांत का प्रांतीय अधिवेशन 1 नवंबर को रिंगबांध स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित किया जाएगा। बिहार सरकार की समाज कल्याण मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता अधिवेशन का उद्घाटन करेंगी। समापन सत्र में सांसद देवेश चंद्र ठाकुर एवं विधायक सुनील कुमार पिंटू शामिल होंगे। आयोजन समिति के संयोजक सह सक्षम के उत्तर बिहार प्रांत के उपाध्यक्ष एवं प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. राजेश कुमार सुमन, दक्षिण बिहार प्रांत के अध्यक्ष संजय कुमार तथा प्रांत सचिव अजय कुमार तिवारी ने मंत्री से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। डॉ. राजेश कुमार सुमन ने बताया कि अधिवेशन में उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों से लगभग 400 सामाजिक कार्यकर्ता, चिकित्सक, पुनर्वास विशेषज्ञ एवं दिव्यांगजन भाग लेंगे। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पुनर्वास, अधिकारों और आत्मनिर्भरता से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समान अवसर और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अधिवेशन का उद्देश्य सेवा कार्यों को सुदृढ़ करना, सामाजिक जागरूकता बढ़ाना तथा दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में प्रभावी भागीदारी के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयासों को गति देना है।



तिरहुत स्नातक चुनाव में सांसद, विधायक समेत अन्य प्रतिनिधियों ने भी किया मतदान

सीतामढ़ी। तिरहुत स्नातक क्षेत्र के एमएलसी चुनाव में सीतामढ़ी सांसद देवेश चंद्र ठाकुर एवं सीतामढ़ी के विधायक सह पूर्व मंत्री सुनील कुमार पिंटू ने डुमरा प्रखंड कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पर अपना मतदान किया। इसी तरह बूथ संख्या 17 पुराना नगर परिषद कार्यालय सीतामढ़ी में जिला कांग्रेस यूथ कमिटी के पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मोहम्मद शम्श शाहनवाज, रेड क्रॉस के सचिव राजेश कुमार सुंदरका एवं गोयनका महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर ज्योति सुल्तानिया ने अपनी बेटी प्रज्ञा सुन्दरका के साथ मतदान किया। मतदान के बाद सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। विधायक सुनील कुमार पिंटू ने कहा कि ? इस बार बिहार में स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 8 सीटों पर एनडीए प्रत्याशी की जीत होगी।



सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान से संवर रही शिवहर की सरकारी परिसंपत्तियां

शिवहर। मुख्यमंत्री,बिहार के निर्देशानुसार सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के अंतर्गत शिवहर जिले में सरकारी परिसंपत्तियों के रंग-रोगन, मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य सार्वजनिक भवनों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं बेहतर स्वरूप प्रदान करना तथा उनका संरक्षण सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में हुए कार्यों का सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगा है। स्वास्थ्य उप केंद्र, बसंत जगजीवन तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, अदौरी की कार्य से पूर्व एवं कार्य के पश्चात की तस्वीरें इस परिवर्तन को दर्शाती हैं। पहले जहाँ भवनों की दीवारों पर पुराना रंग, उखड़ा हुआ पलस्तर एवं बदरंग सतह दिखाई देती थी, वहीं मरम्मत एवं नए रंग-रोगन के बाद इन परिसरों का स्वरूप अधिक स्वच्छ एवं आकर्षक हुआ है। स्वास्थ्य उप केंद्र, बसंत जगजीवन में भवन की बाहरी दीवारों के रंग-रोगन एवं परिसर की साफ-सफाई से उल्लेखनीय बदलाव आया है।

कमलदह में महावीरी झंडा को लेकर प्रशासन अलर्ट अधिकारियों ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

बथनाहा। प्रखंड के कमलदह में आगामी 27 और 28 अक्टूबर को आयोजित होने वाले महावीरी झंडा मेले को लेकर प्रशासन सतर्क है। आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से बथनाहा प्रखंड विकास पदाधिकारी राजाराम पासवान, अंचल अधिकारी अमरेश कुमार और थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने रविवार को झंडा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने आयोजन स्थल की स्थिति का जायजा लिया तथा सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं का निरीक्षण किया। महावीरी झंडा के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा भी की। प्रशासन का उद्देश्य महावीरी झंडा पर्व को आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराना है। अधिकारियों ने आयोजन के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सतर्कता बरतने पर जोर दिया।

बागमती नदी से युवक का शव बरामद कलश शोभायात्रा के दौरान हुआ था लापता

बेलसंड(आससे)। थाना क्षेत्र के मौलानगर गांव के समीप बागमती नदी में रविवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पानी में उपलाता शव देखकर मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान नगर पंचायत वार्ड संख्या पांच निवासी बबलू गुप्ता के 22 वर्षीय पुत्र अमित कुमार के रूप में हुई है। ?मिली जानकारी के अनुसार, बीते 17 अक्टूबर को रजिस्ट्री चौक स्थित नवयुवक दुर्गा पूजा समिति की ओर से कलश शोभायात्रा निकाली गई थी। अमित कुमार भी अन्य श्रद्धालुओं के साथ पवित्र जल भरने के लिए बागमती नदी के चंदौली घाट गया था, जहां से वह अचानक लापता हो गया। परिजन और स्थानीय प्रशासन पिछले आठ दिनों से लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। रविवार सुबह मौलानगर के पास नदी में उसका शव बरामद हुआ। ?घटना की सूचना मिलते ही बेलसंड थानाध्यक्ष जंगो राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम पसर गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। थानाध्यक्ष जंगो राम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी संभावित बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

रुन्नीसैदपुर सीएचसी में 20 टीबी मरीजों को वितरित किये फूड बास्केट

सीतामढ़ी। राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी फ्री पंचायत पहल की कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रुन्नीसैदपुर के परिसर में 20 नए टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट (पोषण किट) का वितरण किया गया। यह वितरण सीएचसी की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रजनी सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मरीजों को यक्ष्मा रोग की रोकथाम, नियमित दवा सेवन और सफल उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। डॉ. रजनी सिन्हा ने बताया कि टीबी एक पूरी तरह से साध्य रोग है, बशर्ते मरीज नियमित रूप से दवाएं लें और पौष्टिक आहार का सेवन करें। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक कुल 120 मरीजों को फूड बास्केट का लाभ पहुंचाया जा चुका है, जबकि आगामी दिनों में करीब 150 अन्य मरीजों को भी इस सहायता से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है। संस्थान के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने इस पहल को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर डॉ. शाहिद अख्तर, डॉ. नंदनी, डॉ. जागृति, वरीय यक्ष्मा प्रयोगशाला पर्यवेक्षक गिरिन्द्र मोहन मिश्र, एएनएम अर्चना कुमारी सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

MAHARAJA LOTTERY

25.10.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	24
09.00	M-Two	19
09.30	M-Three	74
10.00	M-Four	81
10.30	M-Six	33
11.00	M-Eight	33
11.30	M-Nine	84
12.00	M-Ten	35
12.30	M-Eleven	10
01.00	M-Tweleve	09
01.30	M-Fourteen	03
02.00	M-Fifteen	99
02.30	M-Seventeen	34
03.00	M-Eighteen	62
03.30	M-Nineteen	83
04.00	M-Twenty	99
04.30	M-Twenty-one	13
05.00	Mahajara Twenty	56
05.30	Mahajara Twenty one	79
06.00	Mahajara Twenty	31

Contact Number : 7798391668

www.maharajalottery.com

राजा रानी कूपन

DATE :25.10.2026

08:30	RAJARANI PAHLADAW	99
09:00	RAJARANI SUBEHA	11
09:30	RAJARANI KIRAN	50
10:00	RAJARANI HINDUSTANI	52
10:30	RAJARANI PRABHAT	17
11:00	RAJARANI LAJBAB	86
11:30	RAJARANI SAMRAT	41
12:00	RAJARANI DELUX	35
12:30	RAJARANI AFTERNOON	26
01:00	RAJARANI KINGS	74
01:30	RAJARANI ROYAL	22
02:00	RAJARANI MILLENNIUM	44
02:30	RAJARANI HUNDRED	16
03:00	RAJARANI DIAMOND	57
03:30	RAJARANI SONA	40
04:00	RAJARANI EXPRESS	92
04:30	RAJARANI SPECIAL	49
05:00	RAJARANI SANDHYA	67
05:30	RAJARANI CHANDANI	81
06:00	RAJARANI SHAM	34

Contact for Results: 020 24444468

08446006490-08087744446

https://rrreward.com/

10 साल से लगातार विश्वास रखने वालों का धन्यवाद

ORIGINAL

NAVRATNA YANTRA

25.10.26	नवरत्ना	राजारानी	रॉयल	चेतक
08:30	30	07	78	85
09:00	86	61	97	30
09:30	73	00	29	55
10:00	51	56	37	64
10:30	07	04	18	65
11:00	30	45	15	77
11:30	71	51	28	94
12:00	67	46	27	72
12:30	69	50	19	44
01:00	90	58	23	40
01:30	62	66	82	65
02:00	28	64	15	45
02:30	88	51	86	56
03:00	70	08	40	22
03:30	01	99	47	20
04:00	79	06	56	42
04:30	37	39	86	04
05:00	36	31	61	50
05:30	25	62	03	24
06:00	02	15	37	60
06:30	74	24	28	97

ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें 9833255244

हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें: 022-66677666

Ph.: 8657216263, 9136183911, 9967910136, 9967793681

Website : navratnayantracoupon.com

Website : goldennavratnacoupon.com

SHREE GOLDWIN

RASHI BHAVISHYA

60 FIRST LUCKY WINNERS OF FREE BRACELET

70 FIRST LUCKY WINNERS OF FREE RING

फोन या WhatsApp ग्रुप पर शुभ अंक जानने के लिए संपर्क करें

ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें 8450981670

हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें: 022-66677688

7400058032

7400058042

9819026124

तारीख – 25-10-2026 के शुभ अंक

TIME	शुभ अंक		TIME	शुभ अंक	
09:00	6052	7019	01:45	6081	7087
09:15	6056	7068	02:00	6083	7021
09:30	6045	7023	02:15	6092	7024
09:45	6074	7025	02:30	6042	7067
10:00	6010	7014	02:45	6060	7033
10:15	6097	7025	03:00	6020	7039
10:30	6081	7097	03:15	6072	7014
10:45	6096	7098	03:30	6002	7083
11:00	6053	7070	03:45	6076	7057
11:15	6021	7015	04:00	6049	7003
11:30	6000	7049	04:15	6001	7062
11:45	6018	7096	04:30	6070	7067
12:00	6056	7013	04:45	6008	7045
12:15	6032	7008	05:00	6086	7022
12:30	6048	7026	05:15	6055	7085
12:45	6049	7054	05:30	6058	7078
01:00	6033	7020	05:45	6020	7060
01:15	6056	7033	06:00	6014	7060
01:30	6056	7086			

WATCH LIVE ON WEBSITE

60 और 70 के शुभ अंक देखने के लिए हमारी वेबसाइट पर भी आप देख सकते है।

www.shreerashibhavishya.com

www.goldwinrashi.com

संगम

Date : 25.10.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	64	02.30 p.m.	20
09.30 a.m.	21	03.00 p.m.	95
10.00 a.m.	07	03.30 p.m.	38
10.30 a.m.	75	04.00 p.m	30
11.00 a.m.	25	04.30 p.m.	33
11.30 a.m.	22	05.00 p.m.	13
12.00 noon	72	05.30 p.m.	41
12.30 a.m.	66	06.00 p.m.	33
01.00 p.m.	11	06.30 p.m.	15
01.30 p.m.	74	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	80	Contact for result :	

011-4045 1774, 011-4045 1775

चेतक

09.00 a.m.	20	02.30 p.m.	92
09.30 a.m.	31	03.00 p.m.	84
10.00 a.m.	20	03.30 p.m.	18
10.30 a.m.	07	04.00 p.m.	21
11.00 a.m.	94	04.30 p.m.	20
11.30 a.m.	16	05.00 p.m.	51
12.00 noon	02	05.30 p.m.	78
12.30 a.m.	69	06.00 p.m.	90
01.00 p.m.	41	06.30 p.m.	96
01.30 p.m.	16	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	35	Contact for result :	

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

09.00 a.m.	81	02.30 p.m.	51
09.30 a.m.	97	03.00 p.m.	56
10.00 a.m.	12	03.30 p.m.	90
10.30 a.m.	27	04.00 p.m.	16
11.00 a.m.	32	04.30 p.m.	41
11.30 a.m.	82	05.00 p.m.	36
12.00 noon	58	05.30 p.m.	07
12.30 a.m.	50	06.00 p.m.	11
01.00 p.m.	47	06.30 p.m.	34
01.30 p.m.	35	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	06	Contact for result :	

011-4045 1993 , 011-4045 1994

www.playindialottery.com

Contact No. : 09 555 999 608

राजारानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m.	79	MILLENNIUM	2.00 p.m.	74
SUBEHA	9.00 a.m.	15	100	2.30 p.m.	91
KIRAN	9.30 a.m.	86	DIAMOND	3.00 p.m.	65
HINDUSTANI	10.00 a.m.	43	SONA	3.30 p.m.	91
PRABHAT	10.30 a.m.	54	EXPRESS	4.00 p.m.	12
LAJBAB	11.00 a.m.	33	SPECIAL	4.30 p.m.	01
SAMRAT	11.30 a.m.	98	SANDHYA	5.00 p.m.	60
DELUX	12.00 noon	47	CHANDANI	5.30 p.m.	15
AFTERNOON	12.30 a.m.	34	SHAM	6.00 p.m.	22
KING	1.00 p.m.	23	EVENING	6.30 p.m.	38
ROYAL	1.30 p.m.	70	Check result with official website/Gzt.		

Cont. for result : 011-40451995

020-27413666, 020-27414666

www.playrajarani.com

राजश्री

Date : 25.10.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	00	02.00 p.m.	03
09.30 a.m.	91	02.30 p.m.	51
10.00 a.m.	97	03.00 p.m.	57
10.30 a.m.	56	03.30 p.m.	09
11.00 a.m.	13	04.00 p.m.	36
11.30 a.m.	45	04.30 p.m.	15
12.00 noon	38	05.00 p.m.	88
12.30 p.m.	84	05.30 p.m.	92
01.00 p.m.	29	06.00 p.m.	40
01.30 p.m.	70	06.30 p.m.	69

Contact for result:

011-40451992, 020-27416009

www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए

www.playindiagame.com

Contact No. : 09555999608